29-11-24 प्रभात खबर

# केएन बक्शी बीएड कॉलेज के शत-प्रतिशत छात्र सफल

**बेंगाबाद.** केएन बक्शी बीएड कॉलेज के छात्रों ने चौथे सेमेस्टर की फाइनल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है. सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर संस्थान का नाम रौशन किया है. छात्रों की सफलता से संस्थान में खुशी का माहौल है. बताया जाता है कि इस संस्थान से 30 प्रशिक्षणार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये हैं. टॉप 10 विद्यार्थियों में अनामिका सरकार ने 80 प्रतिशत, पूजा कुमारी 79, अनुराग राणा 79, रितिका रंजन 79, धीरज कुमार 79, पिंटू कुमार वर्मा 78.5, शालिनी सिन्हा 78, सुरभि योजना 78, लक्ष्मी कुमारी 78 और सुबोध मुर्मू ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं. इस सफलता पर महाविद्यालय के चैयरमेन डॉ शिवशक्ति नाथ बक्शी ने कहा यह परिणाम सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एंव प्रशिक्षणार्थियों के मेहनत और लगन ने यह मुकाम हासिल हुआ है. कहा आगे भी ऐसी ही सफलता हासिल करेंगे और एक आदर्श शिक्षक बनकर पूरे समाज का नाम रौशन करेंगे.

प्राचार्य डॉ अजीत कुमार सिंह ने कहा यह रिजल्ट वाकई में प्रभावशाली है और मैं आपको इस महत्वपूर्ण मील स्तंभ के लिए हार्दिक बधाई देता हूं. सभी शिक्षकों और आपसभी के मेहनत और लगन आपकी सफलता के पीछे के मुख्य कारण है. उपप्राचार्य बिनोद कुमार सुमन ने कहा आपकी दृढ संकल्प और कड़ी मेहनत ने आपको सफलता तक पहुंचाया है. वहीं डॉ सुरेश यादव, डॉ शंकर सिंह, प्रो मदन कुमार, प्रो नूतन शर्मा, प्रो नीलेश लकड़ा, डॉ राजेश रविदास, डॉ सन्तोष कुमार यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी.